# टाइफून काजिकी

[स्रोत: HT]

**तूफान काजिकी** ने वियतनाम के **तटीय प्रांतों को प्रभावित** किया, जिसके परिणामस्वरूप **व्यापक बाढ़, भारी फसल क्षति और कई लोगों की मृत्यु** हुई।

- यह फिलीपींस के ऊपर उत्पन्न हुआ, दक्षिण चीन सागर पर मज़बूत हुआ और [सैफिर-सिम्पसन (SS) स्केल पर श्रेणी 2] के तूफान के रूप में चीन और वियतनाम से टकराया।
- **टाइफून उष्णकटिबंधीय चक्रवात** होते हैं, जो पश्चिमी प्रशांत महासागर, विशेषकर दक्षिण-पूर्व एशिया और चीन में उत्पन्न होते हैं।

## वियतनाम

- **वियतनाम (राजधानी हनोई)** एक दक्षिण-पूर्व एशियाई देश है, जिसकी **उत्तरी सीमा पर चीन, पश्चिम में लाओस और कंबोडिया तथा पूर्व में दक्षिण चीन सागर** स्थित है।
- मे**कांग (दक्षिण) और लाल नदी (उत्तर) इसकी प्रमुख नदियाँ** हैं, जो दक्षिण चीन सागर में गिरती हैं तथा अन्नामाइट कॉर्डिलेरा इसकी एक प्रमुख पर्वत शृंखला है।
- वियतनाम ने 2 **सितंबर, 1945 को फ्राँसीसी औपनिवेशिक** शासन से स्वतंत्रता प्राप्त की।



# चक्रवात



## परिचय


चक्रवात एक कम दबाव वाला क्षेत्र होता है जिसके आस-पास तेजी से इसके केंद्र की ओर वायु परिसंचरण होते हैं।

## चक्रवात बनाम प्रतिचक्रवात

| दबाव प्रणाली | केंद्र में दबाव की स्थिति | हवा की दिशा का पैटर्न | |
|---|---|---|---|
| | | उत्तरी गोलार्द्ध | दक्षिणी गोलार्द्ध |
| चक्रवात | निम्न | वामावर्त | दक्षिणावर्त |
| प्रतिचक्रवात | उच्च | दक्षिणावर्त | वामावर्त |

## वर्गीकरण

उष्णकटिबंधीय चक्रवात; मकर और कर्क रेखा के बीच उत्पन्न होते हैं।




अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय/समशीतोष्ण चक्रवात; ध्रुवीय क्षेत्रों में उत्पन्न होते हैं।

- गठन के लिए शर्तें:
  - 27 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान वाली एक बड़ी समुद्री सतह।
  - कोरिओलिस बल की उपस्थिति।
  - ऊर्ध्वाधर/लंबवत हवा की गति में छोटे बदलाव।
  - पहले से मौजूद कमजोर निम्न-दबाव क्षेत्र या निम्न-स्तर-चक्रवात परिसंचरण।
  - समुद्र तल प्रणाली के ऊपर विचलन (Divergence)।
- नामकरण:
  - **नोडल प्राधिकरण: विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO)**
  - **हिंद महासागर क्षेत्र:** बांग्लादेश, भारत, मालदीव, म्यांँमार, ओमान, पाकिस्तान, श्रीलंका और थाईलैंड इस क्षेत्र में आने वाले चक्रवातों के नामकरण में योगदान करते हैं।
- उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के लिये अलग-अलग नाम:
  - **टाइफून:** दक्षिण पूर्व एशिया और चीन
  - **हरिकेन:** उत्तरी अटलांटिक और पूर्वी प्रशांत
  - **टॉरनेडो:** पश्चिम अफ्रीका और दक्षिणी संयुक्त राज्य अमेरिका
  - **विली-विलीज:** उत्तर पश्चिम ऑस्ट्रेलिया
  - **उष्णकटिबंधीय चक्रवात:** दक्षिण पश्चिम प्रशांत और हिंद महासागर
- भारत में चक्रवात:
  - **द्वि-वार्षिक चक्रवात मौसम:** मार्च से मई और अक्टूबर से दिसंबर।
  - **हाल के चक्रवात:** ताउते, वायु, निसर्ग और मेकानु (अरब सागर में) तथा असानी, अम्फान, फोनी, निवार, बुलबुल, तितली, यास और सितरंग (बंगाल की खाड़ी में)।

और पढ़ें..: चक्रवात

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/typhoon-kajiki